## स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** नगर निगम भरतपुर द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अंतर्गत सफाई मित्रों के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में कर्मचारियों के बीपी, शुगर, हार्ट रेट और सामान्य स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की गई। इसके साथ ही, कर्मचारियों को सरकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, बिल कनेक्शन, जाति प्रमाण पत्र आदि से जोडा गया।

जिसमे कुल 485 सफाईमित्रों की जाँच एवं 240 सफाईमित्रों का पंजीकरण कराया गया। नगर निगम आयुक्त श्रवण कुमार द्वारा स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण कर सभी कार्मिकों का स्वास्थ्य परीक्षण कर लाभान्वित करने के निर्देश दिये। अधिषाशी अभियंता रतन सिंह और सहायक अभियंता सीमा मीणा ने नेतृत्व किया। चिकित्साधिकारी डॉ. मुकेश सिंह और डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत ने अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। नगर निगम सीएसआई वेदराम सिंह उपस्थित रहे। शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाईमित्रों के स्वास्थ्य की देखभाल और उन्हें नियमित जांच के माध्यम से स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करना था। साथ ही कर्मचारियों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़कर उनकी सामाजिक और आर्थिक स्थिति को सुदृढ बनाना, ताकि वे इन योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन स्तर को बेहतर कर सकें।

# डी.आर.एम. कोटा ने किया अमृत भारत योजना के निर्माण कार्यों का निरिक्षण

**गंगापुर सिटी ।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत करीब साढे 24 करोड रुपए से हो रहे निर्माण कार्य का गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान उन्होंने प्लेटफॉर्म एक पर निर्माण कार्य धीमी गति से चलने पर

- **निरीक्षण दौरान मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारा प्लेटफॉर्म एक पर निर्माण कार्य धीमी गति से चलने पर नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्यो में गति लाकर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए**



स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यो का औचक निरिक्षण करते डीआरएम।

नाराजगी जताते हुए निर्माण कार्यो में गति लाकर समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी अपनी सेलूर गाडी से दोपहर 2 बजकर 15 मिनट बजे गंगापुर सिटी रेलवे स्टेशन पर पहुंचे।

उन्होंने स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण, प्रवेश द्वार का निर्माण कार्य, प्लेटफॉर्म सतह को ऊंचा करना, बाहरी स्टेशन का लुक परिवर्तन, यात्री प्रतीक्षालय की उन्नति, शौचालयों का सुधार, फुट ओवर ब्रिज को चौडा करना एवं लिफ्ट का कार्य का क्रमवार निरिक्षण किया और अधिकारियो व संवेदक को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों द्वारा स्टेशन पर हो रहे आधारभूत संरचनाओं के विकास की कार्ययोजना के संदर्भ में हो रहे कार्य की वास्तविक स्थिति से डीआरएम को अवगत कराया गया।

इस दौरान धीमी गति से कार्य करने पर मंडल रेल प्रबंधक मनीष ने संवेदक सहित अधिकारियों को पर नाराजगी जाहिर करते हुए काम में तेजी लाने और काम को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

साथ ही उन्होंने निर्धारित मापदंड और गुणवत्ता के आधार पर काम पूरा करने के निर्देश देते हुए कहा कि काम में लापरवाही अथवा मापदंडों का ध्यान नहीं रखने पर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही भुगतान को भी रोक लिया जाएगा।

## मास्टर ड्रेनेज प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया

**भरतपुर( निस )।** आयुक्त नगर निगम भरतपुर श्रवण कुमार विश्नोई द्वारा भरतपुर शहर के मास्टर ड्रेनेज प्रोजेक्ट का सघन निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा मडरपुर पुलिया से मोतीमहल ,जघीना गेट, गोपालगढ, रेड क्रॉस, चॉदपोल गेट, कुम्हेर गेट, अनाह गेट होते हुये अटलबंध, काली बगीची तक सीएफसीडी कार्य का मौका निरीक्षण किया। तत्पश्चात् पुष्पवाटिका ड्रेन, हीरादास ड्रेन एवं सेवर मालीपुरा ड्रेन का भी मौका निरीक्षण किया गया। इस दौरान कार्य में आ रहे व्यवधान यथा अतिक्रमण, विवाद इत्यादि के सम्बन्ध में पीएमसी याषी कंसल्टेंसी को रिपोर्ट बनाकर प्रस्तुत करने हेतु निर्देषित किया गया साथ ही आयुक्त नगर निगम द्वारा ड्रेनेज प्रोजेक्ट को शीध्र अतिषीध्र पूर्ण किये जाने हेतु संबंधित फर्म को कार्य में तेजी लाने हेतु लेवर एवं मषीनरी की संख्या में अपेक्षित बढोतरी कर कार्य का सम्पूर्ण एक्षन प्लान बनाकर निर्धारित समय पर पूर्ण किये जाने हेतु पाबंध किया गया। कार्य की गुणवत्ता पर विषेष रूप से ध्यान दिये जाने हेतु नगर निगम के तकनीकी टीम को पाबंध किया गया। सम्पूर्ण मौका निरीक्षण के दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता विनोद कुमार चौहान, अधिषाषी अभियंता बहादुर सिंह, पीएमसी याशी कंसल्टेंसी एवं कार्यकारी फर्म के प्रतिनिधि सुनील कुमार शर्मा उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरिक्षण किया



निरिक्षण के दौरान सीएचसी में मरीज से इलाज के बारे में जानकारी लेते जिला कलेक्टर।

**गंगापुर सिटी ।** जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने गुरुवार को नादौती उपखण्ड के सोप में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। जिला कलेक्टर द्वारा स्वास्थ्य केंद्र में कार्मिकों की उपस्थिति, वार्ड, लैब, ओपीडी, लेबर रूम आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पेयजल, आधारभूत चिकित्सीय सुविधा, जांच उपकरणों की क्रियाशीलता आदि व्यवस्था की जायजा लिया गया। निरिक्षण के दौरान पीएचसी प्रभारी अधिकारी के अनुपस्थित पाए जाने पर नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को आदेश दिए। साथ ही कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशानुरूप गुड गवर्नेस के सिद्धांतो के अनुरूप नियमित रूप से समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों के निर्वहन के निर्देश प्रदान किये। इस दौरान उन्होंने चिकित्सालय स्थित वार्डो में जाकर पीडित मरीजों का हालचाल पूछा, साथ ही उनके परिजनों से अस्पताल में दिए जा रहे इलाज, मूलभूत चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। जिला कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता के साथ अस्पताल आए हुए रोगियों को समस्त जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश संबन्धित चिकित्सा अधिकारियों एवं नर्सिंग स्टाफ को दिये। निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी विक्रम सिंह गुर्जर सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्टाफ आदि मौजूद रहा।

### अवैध विस्फोटक पदार्थ किया जप्त

**करौली( नि.स. )।** करौली के मामचारी थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक पदार्थ जब्त किया है। साथ ही एक बोलेरो को भी जब्त किया है। जबकि बोलेरो ड्राइवर जंगल का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस बोलेरो कार के नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश कर रही मामचारी थाना अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि कॉन्स्टेबल सत्येंद्र, बंटी, राजपाल, रामगोपाल, लक्ष्मी नारायण क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान टीम गश्त करते हुए करसाई, महोली, आलमपुर पहुंची। जहां मुखबिर से सूचना मिली कि सफेद रंग की बोलेरो लांगरा की तरफ से डांग बहादुरपुर विसूरी की तरफ जा रही है। बोलेरो में भारी मात्रा में अवैध विस्फोटक सामग्री भरी हुई है। मुखबिर की सूचना पर थाना अधिकारी टीम के साथ बहादुरपुर विसूरी सड़क पर पहुंचे और नाकाबंदी शुरू की। नाकाबंदी के दौरान लांगरा की तरफ से सफेद रंग की बोलेरो कार आती हुई दिखाई दी। जिससे रुकवाने के लिए हाथ का इशारा किया। बोलेरो ड्राइवर ने पुलिस दल को देखकर गाड़ी को एक साइड में खड़ी कर दी और जंगल में भाग गया। पुलिस जाब्ता ने घेरा देकर गिरफ्तारी का प्रयास किया लेकिन आरोपी जंगल का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने बोलेरो को चैक किया तो अंदर 17 सौ छड़, 90 पावर डेटोनेटर, 88 छड़ बड़ी और 9 बंडल लाल बत्ती बायर के मिले पुलिस ने अवैध विस्फोटक को जब्त कर परिवहन के काम में ली जा रही बोलेरो कार को भी जब्त कर लिया। पुलिस द्वारा बोलेरो नंबर के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। मामले की जांच मामचारी थाने के सहायक उप निरीक्षक प्यारेलाल कर रहे हैं।

### व्यापारी वर्ग के साथ बैठक आयोजित

**गंगापुर सिटी ।** गुरूवार को नगर परिषद गंगापुर सिटी में स्वच्छता ही सेवा कार्यऋम के तहत व्यापारी वर्ग एवं आमजन के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान स्वच्छता एवं अपने प्रतिष्ठानों एवं घरों/दुकानों/व्यावसायिक स्थलों एवं अपने निवासरत स्थलों के आसपास साफ-सफाई रखने एवं निकाय क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था को ०3 अक्टूबर से सम्पूर्ण परिषद क्षेत्र में लागू किये जाने हेतु चर्चा की गई। चर्चा के दौरान अवगत कराया गया कि परिषद क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को सुदृढ बनाये जाने हेतु घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था लागू की की जा रही है। आप सभी व्यापारी वर्ग, प्रतिष्ठानों, स्कूलो, होटलों, हॉस्पीटलों सहित अन्य समस्त व्यावसायिक/ आवासीय/ शैक्षणिक/हॉस्पीटलों/होटल रेस्टोरेन्ट/घरों/दुकानदारों से अपील की जाती है कि आप अपने-अपने घरों/दुकानों/मकानों/प्रतिष्ठानों/कार्य स्थलों पर कचरापात्र अवष्य रखें एवं कचरा कचरा गाडियों( वाहनों ) में डाले। बैठक के दौरान उपस्थिति व्यापारी वर्ग, आमजन, समाजसेवी संस्था, प्रबुद्धजनों के द्वारा अपनी सहमति व्यक्त की गई। बैठक में व्यापारी वर्ग, आमजन, समाजसेवी संस्था, प्रबुद्धजनों सहित धीरज कुमार सहायक नगर नियोजक, तरूण कुमार जैन सहायक अभियंता, सुरेश चन्द शर्मा कनिष्ठ अभियंता, पिन्टूराम मीना स्वास्थ्य निरीक्षक, मनमोहन दुबे कार्यालय सहायक सहित नगर परिषद कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

### आवेदनों की लॉटरी की होगी प्रक्रिया शुरू

**करौली( नि.स. )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजवीर सिंह चैधरी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक तीर्थ यात्रा योजना के तहत राज्य स्तरीय समिति की बैठक 18 जुन के निर्णयानुसार इस वर्ष रेल द्वारा 30 हजार व हवाई जहाज द्वारा 6 हजार वरिष्ठजनों को यात्रा कराने का लक्ष्य निर्धारित हुआ है।


## संतुलन बिगड़ने से ट्रैक्टर ट्रॉली व चालक पॉचना पुल में गिरे

**करौली ( नि.स. )।** करौली जिला मुख्यालय स्थित पॉचना नदी पुल के निकट टैक्टर ट्राली पलटकर नीचे गिर जाने से एक युवक कि मृत्यु हो गई जिसके शव का गुरूवार को पोस्टमार्टम कराकर परिजनो को सुपुर्द कर दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र जाटव पुत्र बाबूलाल जाटव 32 निवासी गढी का गांव अपने ट्रैक्टर ट्राली मे पत्थर भरकर बुधवार कि रात करीब 8:00 बजे हिंडौन कि तरफ जा रहा था जिला मुख्यालय करौली के निकट हिंडौन सड़क मार्ग स्थित बड़े पांचना पुल पर सामने से आ रहे बड़े वाहन से बचने के चक्कर में ट्रैक्टर चालक का संतुलन बिगड़ गया जिससे ट्रैक्टर ट्रॉली पत्थरों सहित पुल कि दीवार को तोड़कर दीवार से ट्रॉली अटक कर लटक गई और ट्रैक्टर पाचन पुल के नीचे भरे पानी में पहुंच गया ट्रैक्टर में भरे पत्थर चालक के ऊपर होकर पांचना के पानी में सरक गए पत्थरों के साथ ही चालक भी पानी में डूब गया। सूचना मिलने पर कोतवाली थाना पुलिस और पुलिस उपाधीक्षक अनुज शुभम पुलिस जाप्ता सहित मौके पर पहुंच गए एवं सिविल डिफेंस टीम भी मोके पर पहुंच गई इनके अलावा पुलिस प्रशासन ने ट्रैक्टर ट्रॉली और चालक को निकालने के लिए जेसीबी मशीन,हाइड्रा मशीन घटनास्थल पर बुलाई जिनके द्वारा ट्रैक्टर ट्राली को निकालने के लिए काफी प्रयास किए गए देर रात मृतक जितेन्द्र के शव को निकालकर अस्पताल कि मोर्चरी मे रखवाया जिसका गुरूवार को प्रातः पोस्टमार्टम कर शव परिवार जन के सुपुर्द करते हुए पुलिस मामले कि जॉच कर रही है।

# 2036 ओलंपिक के लिए तैयारी करनी है : कर्नल राज्यवर्धन राठौड़

**जयपुर /धौलपुर ।** मां भगवती विद्यापीठ उच्च माध्यमिक विद्यालय, तसीमो (धौलपुर) में आयोजित 14 वर्ष आयु वर्ग की राज्य स्तरीय विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता सत्र 2024-25 का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री एवं झोटवाड़ा विधायक कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। इस आयोजन में राज्यभर से आए सैकड़ों युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी फुटबॉल कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास का साधन है, बल्कि मानसिक शक्ति और अनुशासन का प्रतीक भी है। प्रतियोगिताएं हमारे युवाओं को सही दिशा में प्रेरित करती हैं और उनके व्यक्तित्व विकास में



कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ का सम्मान किया।

महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने खिलाड़ियों को मेहनत, अनुशासन, और समर्पण के महत्व पर जोर दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कर्नल राठौड़ ने भविष्य में ऐसे और भी बड़े आयोजनों की योजना पर जोर देते हुए कहा कि हमें 2036 ओलंपिक तक की तैयारी करनी है। इस अवसर पर कर्नल राज्यवर्धन ने मैदान में जाकर खिलाड़ियों से मुलाकात की, उन्हें उत्साहित करते हुए कहा, कि प्रतिस्पर्धा में हार या जीत से ज्यादा महत्वपूर्ण खेल में पूर्ण मनोयोग से भाग लेना होता है। उन्होंने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खिलाड़ियों को अब विश्वस्तरीय सुविधाएं और संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। चाहे ओलंपिक प्रतियोगिता हो या एशीयन गेम्स, भारत के खिलाड़ी अब विश्व पटल पर भारत का गौरव बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य की भाजपा सरकार भी खिलाड़ियों के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिससे भारत की युवा शक्ति खेलों में नया आयाम स्थापित कर सके।

## करणपुर माता की पदयात्रा की तैयारीयो को लेकर हुई बैठक

**करौली ( नि.स. )।** करौली से करणपुर माता को रवाना होने वाली विशाल पदयात्रा की तैयारी को लेकर समिति के पदाधिकारी की बैठक आयोजित हुई जिसमें 15 अक्टूबर को पदयात्रा ले जाने को लेकर चर्चा की गई।

मां करणपुर गुमानो सेवा समिति करौली के पदाधिकारी गिर्राज तिवारी एवं प्रवक्ता जितेंद्र सिंह ने बताया कि मां करनपुर वाली गुमानो माता कि 23वी विशाल पदयात्रा 15 अक्टूबर को नगाड़खाना दरवाजे के पास स्थित गोपाल जी मंदिर से दोपहर के समय रवाना होगी जिसका रात्रि विश्राम आस्था धाम कैलादेवी कस्बा स्थित कालीसिल नदी पुल के पास माथुर वैश्य यात्री निवास में रहेगा उन्होने बताया कि 15 अक्टूबर को पदयात्रा बैंड बाजे और डीजे के कलश यात्रा के साथ करणपुर धाम के लिए रवाना होगी जहां 16 अक्टूबर को माता रानी के मंदिर को सुगंधित पुष्पों से सजाते हुए फूल बंगला कि झांकी सजाते हुए माता रानी को छप्पन भोग लगाए जाएंगे ।

इस अवसर पर उन्होंने अधिक से अधिक मां भक्तों से पदयात्रा में साथ चलकर माता रानी का आशीर्वाद लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व नवरात्र स्थापना होते ही गोपाल जी मंदिर के पास स्थित यात्री निवास में माता रानी की प्रतिमा विराजमान कर प्रतिदिन प्रातः एवं सायकाल माता रानी की पूजा अर्चना और आरती के साथ नवदुर्गा का पाठ और कई आयोजन होते रहेंगे नवरात्र समाप्त होने के बाद माता रानी की प्रतिमा को रथ में विराजमान करा कर 15 अक्टूबर को करणपुर जाने वाली पदयात्रा के साथ ले जाते हुए 17 अक्टूबर को करणपुर से लौटकर वापस आने पर आशा की बाच टावर के पानी में प्रतिमा का विसर्जन कर दिया जाएगा

## बीमारियों से बचाव के लिए पिलाया काढा

**करौली ( नि.स. )।** मासलपुर के ग्राम पंचायत खेड़ीया के गौमती उच्च माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को चैनपुर के आयुर्वेद चिकित्सक ने मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाला काढ़ा विद्यालय में बना कर सभी बच्चों सहित स्टाफ को पिलाया। आयुर्वेद चिकित्सक डॉ रमण स्वरूप लवानिया ने गुरुवार को विद्यालय में पहुंच कर आयुर्वेद विभाग की संचालित स्वास्थ्य बर्धक जानकारी दी और स्वस्थ रहने के लिए मुख्य तीन खंभा बताये आहार, विहार, नींद और सदाचार ब्रह्मचर्य को विस्तार से समझाया कि रोगों का मुख्य कारण ये 3 ही है इस लिए अच्छा भोजन करे पूरी नीद ले और जीवन को सुखद बनाने के लिए सदाचार का पालन करना चाहिए।

## 4 क्रिकेटरो का प्रतियोगिता में हुआ चयन

**करौली ( नि.स. )।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आज शुक्रवार 26 सितंबर से आयोजित कि जा रही राजस्थान सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी क्रिकेट प्रतियोगिता में करौली जिले से 4 क्रिकेर्टस का चयन हुआ है। जिला क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित की गई कॉलबिन शील्ड क्रिकेट प्रतियोगित में प्रियदर्शन के आधार पर करौली जिला क्रिकेट के प्लेयर जय गोयल,हरजीत सिंह,भूपेंद्र शर्मा एवं मोहम्मद गाजी का राजस्थान सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन किया गया। सीनियर चैलेंजर ट्रॉफी में चयनित खिलाड़ी आज शुक्रवार 26 सितंबर से अपने-अपने ग्रुप मैच खेलेंगे इसके बाद प्रदर्शन के आधार पर इन प्लेयर्स का चयन राजस्थान कि रणजी टीम खिलाड़ियों के कैंप के लिए किया जाएगा।

एवं कैंप में प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान रणजी टीम का चयन किया जाएगा। करौली जिले के 4 प्लेयर्स का चयन होने पर जिला क्रिकेट संघ के सचिव शिवचरण माली,अध्यक्ष ओमप्रकाश पाठक, उपाध्यक्ष अनिल शर्मा,वासुदेव गोस्वामी,गोपाल सिंह,अरुण शर्मा,संजय पाल,अखिलेश चतुर्वेदी, प्रियाकांत बेनीवाल,रवि कुमार पाठक एवं प्रवीण शुक्ल ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी।

# मेहंदी प्रतियोगिता में गुजंन अग्रवाल व साक्षी अग्रवाल रही प्रथम

**गंगापुर सिटी ।** अग्रवाल महिला सेवा समिति द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत अग्रवाल धर्मशाला में पदमा अग्रवाल के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम

- **अग्रवाल महिला सेवा समिति द्वारा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष में पांच दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत अग्रवाल धर्मशाला में पदमा अग्रवाल के अध्यक्षता में किया गया**



अग्रसेन जयन्ती महोत्सव कार्यक्रम में भाग लेती महिला मण्डल सदस्य।

की शुरुआत मुख्य अतिथि ममता मंगलम, श्रीमती मोनिका ने दीप प्रज्वलित करके की। कार्यक्रम में मेहंदी, रंगोली, मांडना, कुर्सी दौड और प्रश्नोत्तरी कार्यऋम महिलाओं और बालिकाओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें सभी महिलाओं व बालिकाओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। महामंत्री रीना खन्ना ने बताया कि मेहंदी संयोजक हंसा जिंदल माया जिंदल ने मेहंदी प्रतियोगिता कराई जिसमें मेहंदी के बालिकाओं में जूनियर वर्ग में प्रथम विजेता गुंजन अग्रवाल, द्वितीय विजेता हर्षिता मंगल, तृतीय विजेता महिमा गुप्ता रहे। सीनियर वर्ग में साक्षी अग्रवाल प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान पर टीना बंसल, तृतीय स्थान महिमा गुप्ता ने प्राप्त किया। रंगोली व मांडना प्रतियोगिता की संयोजक उर्मिला मित्तल, सुषमा अग्रवाल ने बताया कि गेरू से माढने में प्रथम स्थान नीरज गुप्ता, द्वितीय स्थान सविता मंगल एवं तृतीय पर दो विजेता अंगूरी देवी व मीनाक्षी गुप्ता रही। इसी में रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर दिया गुप्ता, द्वितीय स्थान पर लक्ष्मी अग्रवाल, तृतीय स्थान पर दो विजेता रितंबरा गुप्ता व प्रियंका गुप्ता रही। कुर्सी दौड में भी महिला बालिकाओं ने बहुत बढ चढकर का हिस्सा लिया। कुर्सी दौड संयोजक सुमन लता अग्रवाल ने बताया सीनियर वर्ग में सावित्री मित्तल प्रथम, द्वितीय स्थान पर मिथिलेश मित्तल व जूनियर वर्ग बालिकाओं में प्रथम स्थान पर गुंजन अग्रवाल, द्वितीय स्थान चंचल गुप्ता ने प्राप्त किया वहीं महिलाओं के लिए प्रश्नोत्तरी कार्यऋम रखा गया जिसमें संयोजक माया गुप्ता व मंजू मंगलम ने अग्रसेन जी महाराज से संबंधित प्रश्नोत्तरी पर महिलाओं का लिखित पेपर हुआ उसमें प्रश्न विजेता नीरज गुप्ता, द्वितीय विजेता वंदना बंसल, तृतीय विजेता रेनू गुप्ता रही। शुक्रवार 27 सितंबर को 1 बजे से रस्साकस्सी, गुब्बरा फोड, टिकिया खाओ और जलेबी लपक और 28 सितंबर को 1 बजे से सांस्कृतिक प्रोग्राम आयोजित किए जायेगें। 29 सितंबर को महिलाओ के लिए सुबह 6 बजे से श्याम मैराथन जो की अग्रवाल धर्मशाला से खाटूश्यामजी मंदिर तक निकाली जाएगी। जिलाध्यक्ष रेखा गर्ग ने समाज की सभी महिलाओ से अग्रसेन जयन्ती महोत्सव कार्यक्रमो में ज्यादा से ज्यादा भाग लेने की अपील की है। मंच संचालन प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री सरोज गर्ग और मंजू मंगलम ने किया। सभी संयोजको का सम्मान किया गया एवम विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

## प्रभु जनों को भोजन कराया

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब इंटरनेशनल के सेवा प्रकल्प प्रभुजनों को भोजन के अंतर्गत लायंस क्लब भरतपुर सेंचुरी के द्वारा आरबीएम अस्पताल में 151 व्यक्तियों को भोजन कराया गया। लायंस क्लब सेंचुरी की अध्यक्ष डॉ रंजना तिवारी के पति बाबा सुग्रीव विद्यापीठ के डायरेक्टर इंजीनियर रवि शर्मा के जन्मदिन का अवसर था। जिसमें लायंस क्लब के सदस्यों एवं विद्यालयों के कार्मिकों द्वारा इंजीनियर रवि शर्मा को बधाई एवं दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

इस अवसर पर लायंस क्लब के सौजन्य से आरबीएम अस्पताल में 151 प्रभुजनो को भोजन कराया गया जिसमें अस्पताल में मरीज उनके परिजन अस्पताल में कार्य कर रहे श्रमिक आसपास के लोग शामिल हुए प्रभुजनों ने बड़े चाव से भोजन का आनंद लिया। उन्होंने भी इंजीनियर रवि शर्मा को शुभकामनाएं प्रेषित की भोज कार्यक्रम की।

अध्यक्षता चार्टर्ड प्रेसिडेंट श्रीनाथ शर्मा ने की। इसके बाद क्लब के साथ डॉ रंजना तिवारी के सौजन्य से काली की बगीची स्थित गौशाला में गायों को एक क्विंटल चारा व 11 किलो गुड़ डलवाया गया तथा गौशाला की गायों को अपने हाथों से चारा खिलाया गया। इंजी रवि शर्मा ने शिक्षा के प्रकल्प पर क्लब को कार्य करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर डॉक्टर रंजना तिवारी, चंद्रेश भृगु एडवोकेट श्रीनाथ शर्मा, मुरारी ठाकुर, नरेश रावत, राजेश लवानिया बहादुर आदि मौजूद रहे।

# 'खिलाड़ी हार से निराश नहीं हो और जीत से अति उत्साहित नहीं हों'



प्रशांत चौधरी सचिन रिचा चौधरी एवं मोनिका चौधरी ने विजेता और विजेता खिलाड़ियों को शील्ड में स्मृति चिन्ह प्रदान किया।

**हिंडौन सिटी ।** शहर के मोहन नगर स्थित निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय के संयोजन में चल रही 68वीं जिला स्तरीय छात्र वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता का गुरुवार को समारोह को पूर्वक समापन हुआ। जिसमें विजेता और विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी ने कहा कि हार और जीत खेल का हिस्सा है अच्छे खिलाड़ियों को हार से निराश नहीं होना चाहिए बल्कि प्रेरणा लेकर जीत की ओर बढ़ाना चाहिए। वही जीत के बाद भी खिलाड़ियों को अति उत्साहित नहीं होना चाहिए बल्कि आने वाली प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुट जाना चाहिए जिससे वे जिले प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सके । आयोजित प्रतियोगिता के दौरान मुख्य अतिथि चौधरी सहित विशेष स्थिति के रूप में उपस्थित निर्मल शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर विजेंद्र सिंह निर्मल ग्रुप के सहायक निदेशक प्रशांत चौधरी सचिन रिचा चौधरी एवं मोनिका चौधरी ने विजेता और विजेता खिलाड़ियों को शील्ड में स्मृति चिन्ह प्रदान किया। इस दौरान को को 17 वर्ष आयु वर्ग में विजेता रही टीम निर्मल आप उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं उपविजेता टीम निर्मल पब्लिक स्कूल को सीलड़ व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए तो वहीं वॉलीबॉल में 17 एवं 19 वर्ष दोनों आयु वर्ग में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय क्यारद वीजेता रही व राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गरई की टीम उप विजेता रही।